परफेक्ट मेकअप ब्रश खरीदते वक्त इन बातों का रखें ध्यान

आपने कई लोगों को यह कहते सुना होगा कि पेंटिंग की ही तरह मेकअप करना भी एक आर्ट है। हालांकि अगर कुछ बेसिक बातों का ध्यान रखा जाए तो आप भी इस आर्ट की एक्सपर्ट बन सकती हैं। इसके लिए सबसे जरूरी है कि आपके पास इस आर्ट से जुड़े सारे टूल्स होने चाहिए। यहां टूल्स से हमारा मतलब है मेकअप प्रॉडक्ट्स के साथ ही मेकअप ब्रश क्योंकि इनके बिना सही मेकअप नहीं हो सकता।

7-8 साल चल जाता है अच्छी क्वॉलिटी का ब्रश

मेकअप ब्रश लॉन्ग टाइम इन्वेस्टमेंट की तरह होता है क्योंकि अगर आप अच्छी क्वॉलिटी का ब्रश खरीदती हैं तो यह 7 से 8 साल जरूर चल जाता है। इसके लिए आपको ब्रश को हर सप्ताह अच्छी तरह से वॉश करना होगा और सही ढंग से अलग ब्रश केस में संभाल कर रखना होगा। लिहाजा मेकअप ब्रश खरीदते वक्त इन बातों का ध्यान रखें...

– सबसे पहले ब्रश के नैचरल और सिंथेटिक बालों के बीच का अंतर समझें। जिन ब्रशों में नैचरल बाल (बकरी या सेबुल) होते हैं वे पाउडर वाले प्रॉडक्ट्स के साथ बेहतर तरीके से काम करते हैं। जबकि सिंथेटिक बालों वाले ब्रश लिक्विड और क्रीम बेस्ड प्रॉडक्ट्स के साथ बेहतर काम करते हैं।

– ब्रश का शेप भी अहमियत रखता है। आप ब्रश आइशैडो लगाने के लिए खरीद रही हैं या फिर ब्लश के लिए या फिर लिपस्टिक लगाने के लिए- हर का शेप अलग होगा तभी वे बेहतर रिजल्ट दे पाएंगे।

– ब्रॉन्जर, ब्लश और पाउडर के लिए फ्लफी ब्रश का इस्तेमाल करें जबकि आईब्रो हाइलाइट, लिड कलर और लिपस्टिक के लिए फ्लैट ब्रश यूज करें।

– अलग-अलग मेकअप प्रॉडक्ट के लिए अलग-अलग ब्रश यूज करें। एक ही ब्रश से हर तरह का काम निकालने की कोशिश न करें।

– आपके मेकअप ब्रश सेट में कम से कम ये 9 तरह के ब्रश जरूर होने चाहिए...

ब्लश ब्रश, पाउडर ब्रश, फाउंडेशन ब्रश, कंसीलर ब्रश, शैडो ब्रश, ब्रो ब्रश, काबुकी ब्रश, लिप ब्रश और आइलाइनर ब्रश।

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

घर से ज्यादा ऑफिस में खुश रहती हैं महिलाएं

अक्सर जब भी हम तनाव में होते हैं तो ऑफिस के तनाव को जिम्मेदार मानते हैं. हम में से ज्यादातर लोगों को लगता है कि ऑफिस में बढ़ रहे तनाव की वजह से शायद ऐसी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है. मगर क्या आप जानते हैं कि महिलाओं को यहां तनाव नहीं बल्कि खुशी मिलती है. जी हां ये बात एक शोध में सामने आई है. शोध के मुताबिक पुरुषों के मुकाबले महिलाएं ऑफिस में ज्यादा खुश रहती हैं. वहीं महिलाओं के मुकाबले पुरुष घर पर ज्यादा खुश रहते हैं. स्टडी के मुताबिक इसके पीछे की वजह सामने आई है कि महिलाएं बच्चों की वजह से औरतें अपने स्ट्रेस को कम कर पाती हैं. घर पर महिलाओं को कई सारे काम निपटाने होते हैं और वहीं दफ्तर में उन्हें एक ही तरह का काम करना होता है इस वजह से भी ऑफिस में उनका स्ट्रेस लेवल कम रहता है. दरअसल, पुरुष नौकरी से संतुष्ट ना होने के बाद भी उस काम से जुड़े रहते हैं और वहीं दूसरी तरफ महिलाएं अगर अपनी नौकरी से खुश नहीं रहती हैं तो वह नौकरी छोड़ने की कोशिश में लग जाती है. इसके अलावा स्टडी में यह भी पता चला है कि कामकाजी महिलाएं कम तनाव में रहती हैं जिनके बच्चे होते हैं. इस स्टडी में कुल 122 लोगों को शामिल किया गया था. इस दौरान लोगों के कोर्टिसोल जिसे स्ट्रेस हार्मोन्स के नाम से जाना जाता है उसे एकत्र किया गया था.

विराट कोहली से अफेयर के चर्चों पर तमन्ना भाटिया ने अब दिया जवाब

तमन्ना भाटिया बेहद टैलेंटेड ऐक्ट्रेस हैं, जो फिल्म इंडस्ट्री में अपनी खास जगह बना चुकी हैं। सोशल मीडिया पर उनकी जबरदस्त फैन फॉलोइंग हैऔर वह अपनी खूबसूरत तस्वीरें शेयर करती रहती हैं। 2०12 में विराट कोहली और तमन्ना भाटिया की डेटिंग की खबरें आई थीं। दोनों एक मोबाइल फोन के ऐड में साथ दिखाई दिए थे। इन खबरों पर न तो तमन्ना और न ही विराट ने रिऐक्शन दिया था। हाल ही में फिल्मफेयर को दिए एक इंटरव्यू में तमन्ना विराट के साथ काम करने पर बोलीं। रिपोर्ट्स के मुताबिक उन्होंने कहा कि ऐड के दौरान दोनों ने सिर्फ चार शब्द बोले थे। उन्होंने कहा कि इसके बाद वह विराट से न तो कभी मिलीं और न ही कभी बात हुई। तमन्ना ने कहा कि उनके साथ काम करना घबराहट भरा था क्योंकि वह उन ऐक्टर्स से बेहतर थे जिनके साथ वह काम करती हैं।

कार्तिक-सारा को लेकर फिल्म बना सकते हैं इम्तियाज अली

बॉलीवुड के जाने माने निर्देशक इम्तियाज अली, कार्तिक आर्यन और सारा अली खान को लेकर फिल्म बना सकते हैं। हाल ही में एक चैट शो के दौरान सारा अली खान ने कहा था कि वह कार्तिक आर्यन के साथ कॉफी डेट पर जाना चाहती हैं। करीना कपूर खान ने भी सारा अली खान और कार्तिक आर्यन को लेकर कहा था कि दोनों एक साथ अच्छे लगते हैं। उन्होंने कहा था कि हो सकता है कि कार्तिक और सारा एक साथ किसी फिल्म में काम करें। सारा की यह इच्छा और करीना कपूर खान की कही हुई यह बात बहुत जल्दी सच होने वाली है।

इम्तियाज अली की अगली फिल्म की तैयारी शुरू हो चुकी है। कहा जा रहा है कि इम्तियाज ने अपनी इस आने वाली फिल्म के लिए सारा को उनकी फिल्म 'केदारनाथ' की सफलता के बाद ही चुन लिया था। इसके बाद फिल्म 'सिंबा' की जबरदस्त सक्सेस से सारा के नाम पर मुहर लग गई थी। वहीं कार्तिक आर्यन को मिल रही सफलता से और बेहतरीन ऐक्टिंग के चलते वह इम्तियाज की पसंद बन गए। अब इम्तियाज की इस रोमांटिक फिल्म में सारा अली खान और कार्तिक आर्यन दोनों ही लीड रोल में नजर आएंगे। इस फिल्म की शूटिंग जल्दी ही शुरू होने वाली है। लोकेशन के बारे में कहा जा रहा है कि इस रोमांटिक फिल्म की ज्यादातर शूटिंग पंजाब और दिल्ली में होगी। साथ ही सारा और कार्तिक के अलावा फिल्म में रणदीप हुडा भी नजर आएंगे।